कुमाऊं जनसन्देश

Hindi Samachar Portal www.kumaonjansandesh.com Sunday, 08 Aug 2021

हल्द्वानी की लघु उद्यमी भावना जोशी को राज्य में प्रथम पुरस्कार

हथकरघा दिवस पर उद्योग मंत्री जोशी ने किया सम्मानित

कुमाऊं जनसन्देश डेस्क

हल्द्वानी। जिला राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर नैनीताल जनपद की लघु उद्यमी भावना जोशी को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

ग्राम सूपी भगवानपुर, मोटाहल्दू (हल्द्वानी) की रहने वाली भावना जोशी अपनी इकाई में कोरेगेटेड बाक्स का निर्माण करती हैं। साथ ही कई लोगों को रोजगार भी मुहैया कराया गया है।

जिला उद्योग केन्द्र हल्द्वानी के महाप्रबन्धक विपिन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर उद्योग निदेशालय, देहरादून में कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इसमें उद्योग मंत्री गणेश जोशी ने ग्राम सूपी भगवानपुर, मोटाहल्दू (हल्द्वानी) की रहने वाली जनपद की उद्यमी भावना जोशी पत्नी जितेन्द्र जोशी को लघु उद्योग के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने पर राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। इस पुरस्कार के तहत प्रशस्ति पत्र के अलावा 15 हजार का चेक भी प्रदान किया गया।

महाप्रबन्धक विपिन कुमार ने बताया कि लघु उद्यम के क्षेत्र में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित भावना जोशी कोरेगेटेड बाक्स का निर्माण करती हैं।

उन्होंने अपनी इकाई में कई लोगों को रोजगार भी प्रदान किया हुआ है।

सम्मान कार्यक्रम के दौरान अपर सचिव एमएसएमई डीके तिवारी, उद्योग निदेशक सुधीर चन्द्र नौटियाल, शैली डबराल, डा एमएस सजवाण, केसी चमोली आदि मौजूद थे।

हस्तशिल्पियों को महाप्रबन्धक उद्योग ने किया प्रोत्साहित

जूट उद्योग और स्क्रीन प्रिंटिग से कमाई के तरीके बताए

कुमाऊं जनसन्देश डेस्क

हल्द्वानी। भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद, एसेंचर व निसबड के सहयोग से हल्द्वानी देवलचौड़ देवभूमि स्कूल में जूट बैग और सिलाई पर आधारित एक माह का कौशल विकास कार्यक्रम निर्मला सोशल रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के द्वारा चलाया जा रहा है। शनिवार को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के उपलक्ष्य पर जिला उद्योग के महाप्रबंधक विपिन कुमार ने सभी महिलाओं को हथकरघा दिवस की बधाई दी और उनके द्वारा किए गए कार्य को सराहा। साथ ही स्वयं रोजगार करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक संजीव भटनागर ने सभी महिलाओं को हथकरघा दिवस की बधाई दी गई। साथ ही स्वरोजगार करनी वाली महिलाओं व युवतियों को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। भटनागर ने जूट उद्योग और स्क्रीन प्रिंटिग को आज के युग की आवश्यक्ता बताया। इस दौरान हेमा बिश्ट, सीमा पाण्डे, मीना वर्मा ,दुष्यंत व सपना उपस्थित थे।

बजाज ग्रुप आफ कंपनी के प्लांट हैड ने सराहे निर्मला संस्था के कार्य

स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो का किया निरीक्षण

कुमाऊं जनसन्देश डेस्क

हल्द्वानी। बजाज ग्रुप आफ कंपनी के प्लांट हैड अनिल मोहगांवकर और उनकी पत्नी स्वाति मोहगांवकर ने रविवार को बरेली रोड स्थित निर्मला सोशल रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी कार्यालय का निरीक्षण कर संस्था की ओर से स्वरोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही स्वरोजगार को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की।

निर्मला सोशल रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के निदेशक संजीव भटनागर ने बताया कि प्लांट हैड ने संस्था से जुड़ी स्वयं सेवी महिलाओं की ओर से तैयार उत्पादों को देखा और उनकी सराहना की। निर्मला सोशल रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी ने कहा कि वर्तमान में जूट, ऊेपण, मूंज और आर्टिफिशियल ज्वैलरी से बने उत्पादों की काफी मांग है। ऐसे में स्वरोजगारी उत्पाद की गुणवत्ता बेहतर बनाकर अच्छी आय प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रेरित भी किया। इस दौरान संस्था की ओर से अतिथियों को स्मृति चिह्न भी प्रदान किया गया।

इस मौके पर संस्था की सचिव रूबी भटनागर, हेमा बिट, दुष्यंत सिंह, शुभम, नीमा लोहनी, सीमा पांडे, जतिन, आदित्य आदि मौजूद थे।